शिक्षा सत्र शुरू होते ही 3.80 लाख स्टूडेंट्स के लिए पूरे सत्र का परीक्षा कैलेंडर घोषित

एमजीएस यूनिवर्सिटी में पहली बार शिक्षा सत्र-2019 की पूरक परीक्षाएं अगले महीने से

एजुकेशन रिपोर्टर | बीकानेर

महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी ने नवाचार करते पहली बार पूरे शिक्षा सत्र का परीक्षा कैलेंडर घोषित कर दिया है। इसमें सभी परीक्षाओं की तारीख और रिजल्ट की टाइम लाइन भी दी गई है।

मकसद है, स्टूडेंट्स को शिक्षा सत्र की शुरुआत में ही यह जानकारी हो जाए कि उनके कोर्स की परीक्षाएं कब से होंगी। साथ ही जिन कोर्स में लेटलतीफी चल रही है, वह भी पटरी पर आ जाए। यूनिवर्सिटी के इस नवाचार से संभाग के 3.80 लाख स्टूडेंट्स को फायदा होगा। उन्हें शिक्षा सत्र के पहले ही माह में परीक्षा से लेकर फॉर्म भरने और रिजल्ट जारी होने तक की जानकारी मिल जाएगी। सचिवालय में गुरुवार को कुलपति प्रो. भगीरथ सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ.जसवंत खीचड़, वित्त नियंत्रक राजेंद्र चूड़ी, उप कुलसचिव शैक्षणिक डॉ. बिट्ठल बिस्सा ने परीक्षा कलैंडर 2019-20 का विमोचन किया। कैलेंडर के मुताबिक, शिक्षा सत्र 2019 की पूरक परीक्षाएं 21 अगस्त से शुरू होंगी। इससे पूर्व 1 अगस्त से 14 अगस्त तक परीक्षा फॉर्म भरे जाएंगे।

यह रहेगा परीक्षा प्रोग्राम

- यूजी नॉन कॉलेज स्टूडेंट्स की मुख्य परीक्षा- 21 फरवरी से
- यूजी नियमित स्टूडेंट्स की परीक्षा- 16 मार्च से
- पीजी स्टूडेंट्स की परीक्षा- 2 अप्रैल से
- बीएड-एमएड मुख्य परीक्षा- 14 मई से
- परीक्षा परिणाम- 15 जून तक

परीक्षा आवेदन अक्टूबर में

मुख्य परीक्षा-2020 व सेमेस्टर परीक्षाओं के फॉर्म सामान्य शुल्क में 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक भरे जाएंगे। 100 रुपए विलंब शुल्क सहित 18 से 24 अक्टूबर और दोगुने शुल्क के साथ 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक फॉर्म भरे जा सकेंगे। बीएड-एमएड परीक्षा के फॉर्म सामान्य शुल्क में 4 से 18 दिसंबर तक भरे जाएंगे।

प्रायोगिक परीक्षाएं खत्म, रिजल्ट इसी माह

बीएड पार्ट फर्स्ट और सैकंड की प्रायोगिक परीक्षा गुरुवार को समाप्त हुई है। इन परीक्षाओं का परिणाम 31 जुलाई तक जारी किया जाएगा। वहीं, सेमेस्टर सैकंड और फोर्थ का परिणाम भी 31 जुलाई तक घोषित होगा।

■ स्टूडेंट्स को परीक्षा और परिणाम का समयबद्ध प्रोग्राम उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सालभर का परीक्षा कैलेंडर घोषित किया है।
-प्रो.भगीरथ सिंह, कुलपति, एमजीएस यूनिवर्सिटी

Scanned with CamScanner